दिनांक 17.07.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मौसमी जल जनित बीमारी एवं डेंगू नियंत्रण/रोकथाम के लिए चलाया गया जन जागरूकता अभियान

भिलाईनगर/ निगम क्षेत्रान्तर्गत मौसमी एवं जलजनित बीमारियों (पीलिया , उल्टी-दस्त) वेक्टर जनित रोग (डेंगू/मलेरिया) के रोकथाम एवं बचाव के लिए नगर निगम भिलाई और शहरी परिवार कल्याण केंद्र सुपेला की संयुक्त टीम ने सघन अभियान चलाकर मच्छरों के लार्वा मिलने की आशंका वाले घरो में टेमीफास का छिड़काव किया एवं जन जागरूकता रैली भी निकाली। कार्यवाही में निगम की टीम ने केम्प-1 और चैता मैदान के पास चलित एम्बुलेंस के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत मौसमी बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम हेतु चलित एम्बुलेंस द्वारा वार्ड क्र. 18 प्रेम नगर कैम्प-1अंतर्गत मस्जिद मार्ग, आजाद मोहल्ला एवं चैता मैदान के पास विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में सामान्य बुखार की जांच, ओआरएस पैकेट का वितरण किया गया। निगम की टीम ने आज गृह भेंट के दौरान घर व आस पास में जमा पानी तथा बंद पड़े कूलर और कन्टेनर को भी खाली कराकर आम जन को साफ सफाई रखते हुए बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई।

1350 स्थानों पर मैलाथियान का छिड़काव-

नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आज के शिविर में 46 मरीजों का पंजीयन किया गया। जिसमें सामान्य बुखार के 7 व 39 मरीज अन्य के थे। इस दौरान खून जांच हेतु 7 मरीजों की रक्तपटिका तैयार की गई। 15 लोगों को ओ.आर.एस.पैकेट वितरण किया गया। डेंगू/मलेरिया एवं पीलिया से बचाव संबंधी 190 लोगों को पाम्पलेट वितरण किया गया। 310 घरों में टेमीफास के घोल का छिड़काव किए , 77 घरों में कूलर की सफाई कराई गई। 18 घरों में पानी टंकी की जांच , नालियों के जमाव पानी एवं गन्दे स्थानों पर. स्प्रेयर पंप द्वारा 1350 स्थानों पर मैलाथियान छिड़काव किया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मौसमी जल जनित बीमारियों के बचाव एवं रोकथाम संबंधी आवश्यक जानकारी भी दिया गया।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन:-

एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा नगर पालिक निगम, भिलाई के सहयोग से आज प्रातः 10 बजे से मौहारी, मरोदा, बीएसपी रोड वार्ड 44 में पार्षद निवास के पास एसएसके भवन में किया गया है जिसमें बीपी , सुगर की जांच के साथ-साथ वर्षा जनित बीमारियों की जांच एवं उपचार किया जायेगा।

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसम्पर्क अधिकारी

डेंगू
जागरूकता एवं बचाव रैली